Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 29-08-2005

Participants : Munshiram Shri

>

Title : Need to introduce a train from Bijnore to Lucknow and provide hydraulic gates at railway crossing in Bijnore Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री मुंशी राम (बिजनौर) : अध्यक्ष महोदय, उत्तरी भारत के क्षेत्र पश्चिमी उत्तर प्रदेश की ओर मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करता हूं, जिसके लिए मैं कई पत्रों द्वारा माननीय रेल मंत्री जी से मांग कर चुका हूं। प्रमुख मांगों में मेरे लोक सभा क्षेत्र बिजनौर के अंतर्गत मौज्जमपुर-नारायण जंक्शन से पूर्व जम्मू तवी-हावड़ा मुख्य लाइन से मौज्जमपुर-गजरौला डाईवर्जन की मांग। बिजनौर चांदपुर रेलवे स्टेशन के पूर्व एवं पश्चिम दिशा में पड़ने वाले रेलवे क्रासिंगों पर छोटे मानव-चालित फाटकों को हाइड्रोलिक में बदले जाने की आवश्यकता जिसके कारण यातायात में भारी अवरोध एवं जाम लगा रहता है। जिला बिजनौर मुख्यालय से होते हुए उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के लिए एक स्वतंत्र रेलगाड़ी चलाये जाने की आवश्यकता है। इस रेलगाड़ी में यात्रा करने वाले केवल बिजनौर के ही नहीं परन्तु आसपास के क्षेत्र के लोगों को भी लाभ मिलेगा।

मैं इस सदन के माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि उपरोक्त मांगों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाए।

MR. SPEAKER: Shri S. K. Bwiswmuthiary – not present.

It may be treated as laid on the Table of the House.